BCM SCHOOL BASANT AVENUE LUDHIANA

CLASS III

ANSWER KEY

HINDI ASSIGNMENT

I निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें-

मैं एक निर्धन किसान हूँ। महाराज! मैंने अपने बच्चों के लिए पाई-पाई करके धन एकत्र किया था परंतु वह कहता है कि वह मुझे जानता ही नहीं।

प्र०1-यह पंक्तियाँ किस पाठ में से ली गई है?

उ०-यह पंक्तियाँ 'अतुलनीय चाणक्य' पाठ में से ली गई हैं।

प्र०2-अपने बच्चों के लिए पाई-पाई करके धन एकत्र किसने किया था?

उ०-बुज़ुर्ग किसान ने अपने बच्चों के लिए पाई-पाई करके धन एकत्र किया था।

प्र०3-समानार्थक शब्द लिखो-

क) इकट्ठा- एकत्र ख) कृषक-किसान

प्र०4-पंक्तियों में से कोई दो सर्वनाम शब्द लिखो-

उ०- 1. मैंने 2. मुझे /अपने/मैं/वह

प्र०5-विलोम शब्द-

धनी - निर्धन

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर शब्दों में दें-

प्र०1-तीर्थयात्रा के लिए कौन जा रहा था?

उ०-बुज़ुर्ग किसान

प्र०2-कवयित्री किसमें पानी रखने को कहती है?

उ०-मिट्टी के बर्तन में

प्र०3-व्यापारी ने ब्राह्मण को कुएँ से एक बाल्टी पानी के कितने रुपए देने को कहा?

उ०- सौ रुपये

III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाक्य में दें-

प्र०1-व्यापारी ने अपना कुआँ किसे बेचा?

उ०-व्यापारी ने अपना कुआँ एक सीधे-सादे ब्राह्मण को बेचा।

प्र०2-चंद्रगुप्त के दरबार में अपनी समस्या लेकर कौन आया?

उ०-चंद्रगुप्त के दरबार में अपनी समस्या लेकर एक बुजुर्ग आया।

IV निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनें -

प्र०1-संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

उ०- ख) विशेषण

प्र०2- .... अपना काम करना है। वाक्य के लिए उचित सर्वनाम शब्द है - उ०-ग) मुझे

प्र०3-पिताजी के आते ही अमित.................................... जाता है। वाक्य के लिए उचित मुहावरा चुनें -

उ०- ख) भीगी बिल्ली बनना

प्र०4-जो आसान हो, उसे ....कहते हैं। उ०- ग) सरल

प्र०5-अड़तालीस के बाद क्या आता है?

उ०-क) उनचास

V निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करें-

1.मैंने यह काम नहीं करा।

मैंने यह काम नहीं किया।

2.मुझे एक ठंडा गिलास पानी चाहिए।

मुझे एक गिलास ठंडा पानी चाहिए।

VI निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनें -

पेड़ और पौधों की जगह हमारे प्राकृतिक संसाधनों में महत्वपूर्ण हैं। पेड़-पौधे हमारे मित्र हैं। यह हमें श्वास लेने के लिए ऑक्सीजन और भोजन के लिए फल और सब्जियाँ प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुंदर और हरा – भरा बनाए रखते हैं। इनके बिना हमारा जीवन असम्भव हो जाएगा। हमें इन्हें बचाने और बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

प्र०1-पेड़-पौधों के बिना हमारा जीवन कैसे हो जाएगा?

उ०- ख) असंभव

प्र०2-पेड़ भोजन के लिए हमें क्या प्रदान करते हैं?

उ०- ग) फल और सब्जियाँ

प्र०3-हमें पेड़ों को बचाने और बढ़ाने के लिए क्या लेनी चाहिए?

उ०- ख) जिम्मेदारी

प्र०4-पदेन 'र' वाला शब्द है-

उ०- ग) प्रदान

प्र०5- संभव का विलोम शब्द क्या है?

उ०- ग) असंभव